मैनपुरी में सिंथेटिक दूध का कारोबार उजागर, 500 लीटर नकली दूध जब्त, दो गिरफ्तार



**जागरण संवाददाता, मैनपुरी।** एंटी व्हीकल थैफ्ट और मीडिया सेल की टीम ने रक्षाबंधन त्योहार के अवसर पर मिठाई बनाने के लिए खपाने ले जाए जा रहे 500 लीटर सिंथेटिक दूध सहित दो कारोबारियों को हिरासत में लिया है।

पूछताछ में कारोबारियों ने बताया कि वे पिछले एक साल से नकली दूध का उत्पादन कर डेयरी के माध्यम से बिक्री कर रहे थे। खाद्य विभाग की टीम ने इस मामले में नमूना लेकर जांच के लिए भेजा है। पुलिस अब इस कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटा रही है।

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/mainpuri-mainpuri-500-liters-synthetic-milk-seized-two-arrested-40350114.html